भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 06.10.2025

## आरेडिका में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति/रायबरेली की अर्द्धवार्षिक बैठक

आरेडिका में राजभाषा विभाग के सौजन्य से राजभाषा के कार्यों की समीक्षा हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 11वीं अर्द्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि एवं गृहमंत्रालय (राजभाषा कार्यान्वयन/गाजियावाद) के उप निदेशक डा0 छबिल कुमार मेहेर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में नराकास रायबरेली के ''लोगो'' ''न्यूज बुलेटिन'' तथा छमाही पत्रिका ''अभिज्ञान'' का अनावरण किया गया।

आरेडिका महाप्रबंधक ने अपने उद्बोधन में कहा कि नराकास रायबरेली हिंदी के विकास के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। आरेडिका का राजभाषा विभाग भी कदम से कदम मिला कर चल रहा है। आरेडिका ने राजभाषा के विकास के साथ–साथ पर्यावरण के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए है जिससे यहाँ की वायु गुणवक्ता में अभूतपूर्व सुधार हुआ है।

डा0 मेहेर ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें आम बोल चाल के अंग्रजी के शब्दों जैसे– स्कूल, रिजर्वेशन, लेट, ऑफिस, आदि की जगह हिन्दी के शब्दों जैसे– विद्यालय, आरक्षण, विलम्व, कार्यालय, का प्रयोग करना चाहिए। हमें औपचारिक कार्यक्रमों से आगे बढकर हिंदी को जन–जन की भाषा बनाना है।

नराकास के सदस्य सचिव एवं राजभाषा अधिकारी बैंक ऑफ बडौदा योगेश कुमार मिश्रा ने बताया कि नराकास रायबरेली ने पिछले 6 माह में 20 बैठकें एवं 8 कार्यशालाएं आयोजित की। इसी श्रेणी में नराकास/रायबरेली के तत्वाधान में विभिन्न कार्यालयों द्वारा प्रतियोगिताऍ करायी गयीं जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया।

इस वर्ष गॉधीनगर में सम्पन्न हुए पॉचवीं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन की बैठक में नराकास रायबरेली को प्रोत्साहन श्रेणी के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रमेश चन्द्र, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन, व नराकास के उपाध्यक्ष, सदस्य सचिव सहित रायबरेली के 25 सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधि अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

06/10/2025
(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी